Department of
Education

GOVERNMENT OF
WESTERN AUSTRALIA

भविष्य को आकार देना

चलिए, आपकी चिंताओं के बारे में बात करते हैं

हमारे स्कूल सभी विद्यार्थियों को सीखने के लिए सुरक्षित, समावेशी और देखभालपूर्ण परिवेश में गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम भागीदारों के रूप में माता-पिता और देखभालकर्ताओं को अपने बच्चों की शिक्षा में साथ-मिलकर काम करने को महत्व देते हैं।

आपके और आपके स्कूल के बीच संचार आपके बच्चे/आपकी बच्ची की शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आपको आश्वस्त रहना चाहिए कि हम आपकी चिंताओं को सुनेंगे और उनका उत्तर देंगे, और शिकायतों को हल करने के लिए आपके साथ-मिलकर काम करेंगे।

जैसे ही आपको कोई चिंताएँ हों, अपने स्कूल से संपर्क करें। आरंभ करने के लिए सबसे अच्छा स्थान अपने बच्चे/अपनी बच्ची के शिक्षक/शिक्षिका, कक्षा समन्वयक, स्कूल प्रशासन या प्रधानाध्यापक से बात करना है। एपॉइंटमेंट की व्यवस्था करने के लिए स्कूल से संपर्क करें या अगर आप चाहें, तो ईमेल भेजें, फोन करें या पत्र लिखें।

यदि आपको हमें एकाधिक या जटिल मामलों के बारे में बताने की आवश्यकता है, तो आपको अपनी चिंताओं को लिखित रूप में व्यक्त करने के लिए कहा जा सकता है।

अपने स्कूल के प्रधानाध्यापक से बात करें, यदि:

- आपको शिक्षक/शिक्षिका या स्टाफ के सदस्य के साथ संतोषजनक परिणाम नहीं मिला
- मामला किसी शिक्षक/शिक्षिका या स्टाफ सदस्य के आचरण के बारे में है
- मामला आपके बच्चे/आपकी बच्ची की शिक्षा को प्रभावित करने वाली किसी बात के बारे में है।

अपने स्कूल के क्षेत्रीय शिक्षा कार्यालय से बात करें, यदि:

- आपको लगता है कि आपकी चिंता को स्कूल द्वारा हल नहीं किया गया
- मामला प्रधानाध्यापक के आचरण के बारे में है।

आप हमारी वेबसाइट पर क्षेत्रीय शिक्षा कार्यालयों की सूची देख सकते/सकती हैं - education.wa.edu.au/contact

गुमनाम रूप से शिकायत करें

आप गुमनाम रूप से शिकायत जमा कर सकते/सकती हैं, लेकिन यदि हम आपकी शिकायत के विवरण के बारे में आपसे बात नहीं कर पाएँगे, तो इस मुद्दे को हल करना कठिन हो सकता है।

समर्थन प्राप्त करें

शिकायत जमा करना कुछ लोगों के लिए कठिन हो सकता है। आप 1800 655 985 पर शिकायत सलाह लाइन को फोन करके समर्थन प्राप्त कर सकते/सकती हैं। माता-पिता संपर्क कार्यालय (Parent Liaison Office) स्कूलों, क्षेत्रीय शिक्षा कार्यालयों, केंद्रीय सेवाओं, माता-पिता और देखभालकर्ताओं तथा स्कूली समुदाय के सदस्यों के बीच एक संपर्क के रूप में काम करके समर्थन प्रदान कर सकता है। आप शिकायत के साथ व्यवहार किए जाने की प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय सलाह प्राप्त करने के लिए माता-पिता संपर्क कार्यालय (Parent Liaison Office) से ईमेल के माध्यम से संपर्क कर सकते/सकती हैं: parentliaison@education.wa.edu.au

शिकायत कैसे करें या और अधिक जानकारी प्राप्त कैसे करें:

अपने स्कूल या क्षेत्रीय शिक्षा कार्यालय से संपर्क करें। संपर्क विवरण खोजें:
education.wa.edu.au/schoolsonline

शिकायत सलाह लाइन को फोन करें:
1800 655 985
सुबह 8:30बजे से शाम 4:30बजे सोमवार से शुक्रवार

शिकायत करें और शिकायत प्रक्रिया को समझें:
education.wa.edu.au/complaints

यदि आप अपनी शिकायत के साथ व्यवहार किए जाने के तरीके से खुश नहीं हैं या आपको लगता है कि निष्कर्ष अनुचित है, तो आप लोकपाल पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (Ombudsman Western Australia) से संपर्क करके प्रक्रिया के किसी भी चरण में स्वतंत्र समीक्षा का निवेदन करने के इच्छुक हो सकते/सकती हैं - ombudsman.wa.gov.au

यदि आपको चिंताएँ हैं, तो आरंभ करने के लिए सबसे अच्छा स्थान अपने बच्चे/अपनी बच्ची के शिक्षक/शिक्षिका या प्रधानाध्यापक से बात करना है।

cc BY